समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# अब ऑनलाइन फ्रॉड से मिलेगी सुरक्षा : Google ने लॉन्च किया 'सेफ्टी चार्टर', स्कैम्स को रोकेगा एआई टूल।

Publisher Published on 18 Jun 2025




**भारत मे डिजिटल सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत।**

**टेक्नोलॉजी :** गूगल ने भारत में **साइबर सुरक्षा** और **ऑनलाइन फ्रॉड** से निपटने के लिए '**सेफ्टी चार्टर**' की घोषणा की है। मंगलवार को आयोजित '**Safer with Google India Summit 2025**' में इस टूल को पेश किया गया, जो देश की डिजिटल संरचना को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

**गूगल इंडिया** की **कंट्री मैनेजर** प्रीति लोबाना ने बताया कि भारत की तेजी से बढ़ती **डिजिटल इकोनॉमी** को सुरक्षित बनाने के लिए यह पहल जरूरी थी। वहीं **गूगल सिक्योरिटी** की **वाइस प्रेसिडेंट** हेदर एडकिंस ने कहा कि "अब AI ऐसे स्कैम्स की पहचान कर रहा है जो पहले कभी देखे नहीं गए।"

'**सेफ्टी चार्टर**' के तीन प्रमुख उद्देश्य

१. **यूज़र्स को ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम से बचाना**
२. **सरकार और कॉर्पोरेट के लिए साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना**
३. **ऐसी एआई टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना जो सुरक्षा को प्राथमिकता दे**

**'डिजीकवच' के ज़रिए AI टूल्स का प्रभाव**

गूगल के '**डिजीकवच**' प्रोग्राम के माध्यम से अब तक **17.7 करोड़ भारतीयों तक AI टूल्स** और **साइबर** जागरूकता पहुंचाई गई है। इसके जरिये:

१. **गूगल सर्च अब 20 गुना तेज़ी से स्कैम वेबसाइट्स की पहचान कर रहा है**
२. **सरकारी और कस्टमर सर्विस प्लेटफॉर्म्स पर स्कैम अटैक 80% और 70% तक घटे है**

**मैसेजिंग, पेमेंट और ऐप सिक्योरिटी पर गूगल का नियंत्रण**

१. **Google Messages:** हर महीने **500 मिलियन से अधिक स्कैम मैसेज ब्लॉक**

२. **Google Pay: 4.1 करोड़ से अधिक चेतावनियां भेजीं, जिससे ₹13,000 करोड़ की धोखाधड़ी रोकी गई**

३. **Google Play Protect: अक्टूबर 2024 से भारत मे संक्रिय, अब तक 6 करोड़ खतरनाक ऐप्स को इंस्टॉल होने से रोका**

४. **Gmail: 99.9% से अधिक स्पैम, फिशिंग और मैलवेयर को करता है ब्लॉक**

**साइबर हमलों के खिलाफ एआई की अग्रिम रणनीति**

गूगल की **Project Zero टीम** और **DeepMind** ने साथ मिलकर **SQLite** जैसे लोकप्रिय **सॉफ्टवेयर** में साइबर खामियों की पहचान पहले ही कर ली, जिससे संभावित अटैक टाल दिए गए।

निवेश और भविष्य की साझेदारियां

१. **Google.org ने $20 मिलियन का योगदान एशिया-पैसिफिक साइबर सिक्योरिटी फंड को दिया**

२. **इसमे से $5 मिलियन The Asia Foundation को दिए जाएंगे, जिससे भारत समेत एशिया मे 10 साइबर क्लिनिक खोले जाएंगे**

३. **IIT मद्रास के साथ पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी पर भी साझेदारी की गई है**

**भारत के डिजिटल भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा मे बंड़ा कदम**

गूगल का लक्ष्य साफ है – भारत के नागरिकों और संस्थानों को **एक सुरक्षित, पारदर्शी** और **AI-सक्षम डिजिटल भविष्य** देना। इसके तहत **ऑनलाइन धोखाधड़ी की रोकथाम, स्कैम मैसेज की पहचान,** और **खतरनाक ऐप्स** पर नियंत्रण जैसी कार्यवाही प्राथमिक होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.